सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई .पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली ११००९२
सत्र २०२४ – २०२५
कक्षा २
विषय- हिंदी

क्रिया

परिभाषा –

जिस शब्द से काम के होने या करने का बोध हो , उसे क्रिया कहते हैं ।

जैसे खेलना , कूदना हँसना , लिखना इत्यादि ।

क्रिया का प्रयोग करने से वाक्य का अर्थ समझ में आता है तथा वाक्य पूर्ण हो जाता है ।

जैसे - रवि फुटबॉल खेल रहा है ।

ड्राइवर बस चला रहा है ।

क्रिया शब्द छाँटो -

1. हम आम खा रहे हैं ।
2. बगीचे में तितलियाँ फूलों पर मँडरा रही हैं ।
3. माँ रसोई में खाना बना रही है ।
4. बच्चे छत पर पतंगें उड़ा रहे हैं ।
5. दादाजी बगीचे में पौधा लगा रहे हैं ।

उचित क्रिया शब्द भरो -

1. आसमान में पक्षी _____ (उड़ / भाग) रहे हैं ।
2. बच्चे कक्षा में ______ (पढ़ / तैर)रहे हैं।
3. नानी पौधों में पानी ______ (डाल / कूद) रही हैं ।

4. जंगल में मोर _____(नाच / दहाड़) रहा है ।
5. दादाजी अखबार __(पढ़ / सो) रहे हैं।